# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर भोपाल—462021

क्रमांक / सी.एम.राईज / 2021 / 2373 भोपाल, दिनांक 25/08/2021

# / / विज्ञापन / /

म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना **सी.एम. राइज़ विद्यालय** शैक्षणिक सत्र 2021—22 से प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के 255 विद्यालयों को सर्वसुविधा युक्त विद्यालयों में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों की प्रमुख विशेषतायें निम्नानुसार है:—

1. विद्यालय के वृहद तथा सर्वसुविधा युक्त केम्पस में कक्षायें KG से 12वीं तक संचालित होंगी।
2. हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण व्यवस्था।
3. सभी संकायों में अध्यापन की व्यवस्था।
4. विद्यार्थियों के लिये कम्प्यूटर / योग / खेल / म्यूजिक / नृत्य की शिक्षा की व्यवस्था।

उक्त विद्यालयों में ऊर्जावान उपप्राचार्य, प्रधानाध्यापक तथा प्रत्येक स्तर (पूर्व प्राथमिक / प्राथमिक, माध्यमिक, हाई / हायर सेकेण्डरी) के अध्यापन के लिये शासकीय शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

यदि आप स्कूल शिक्षा / जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों में शिक्षक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम आयाम स्थापित करने की चुनौती को स्वीकार करने की इच्छाशक्ति रखते हैं तो यह अवसर आप के लिये है। विस्तृत विज्ञापन तथा शर्तें, आवेदन करने की प्रक्रिया www.educationportal.mp.gov.in तथा www.vimarsh.mp.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन विमर्श पोर्टल पर दिनाँक 10 सितंबर 2021 तक किए जा सकेंगे। चयनित स्कूलों में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को शाला में बने रहने के लिए चयन प्रक्रिया में आवेदन करना अनिवार्य होगा।

नोट:— **स्कूल शिक्षा / जनजातीय कार्य विभाग के अन्तर्गत कार्यरत नियमित शिक्षक ही आवेदन हेतु पात्र हैं।**

25/8/21

(अनुभा श्रीवास्तव)
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

## सर्व संसाधन सम्पन्न - सी.एम. राइज़ विद्यालयों में शिक्षकों की चयन प्रक्रिया

# विस्तृत विज्ञापन

म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना सी.एम. राइज़ विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2021–22 से प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के 255 सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों में ऊर्जावान तथा इनोवेटिव उपप्राचार्य, प्रधानाध्यापक तथा प्रत्येक स्तर (पूर्व प्राथमिक/प्राथमिक, माध्यमिक, हाई/हायर सेकेण्डरी) के अध्यापन के लिये शासकीय शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. सी.एम. राइज विद्यालयों के लिए आवश्यक स्टाफ –

| | |
|---|---|
| **प्रशासकीय** | 1. उप प्राचार्य<br>2. प्रधानअध्यापक (माध्यमिक सेक्शन)<br>3. प्रधानअध्यापक (प्राथमिक सेक्शन) |
| **अकादमिक** | 1. प्री प्राइमरी शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक<br>2. कक्षा 6 से 12 के लिए विषयमान से शिक्षक |
| **सह अकादमिक** | 1.लाइब्रेरियन 2. कंप्यूटर शिक्षक 3. शारीरिक शिक्षक 4. प्रयोगशाला सहायक<br>5.संगीत शिक्षक (गायन), संगीत शिक्षक (वादन), संगीत शिक्षक (नृत्य)<br>6.फाईन आर्ट, 7.मनोवैज्ञानिक, 8.करियर काउंसलर 9.स्पेशल एजूकेटर |

3. चयनित स्कूलों में शतप्रतिशत रिक्तियॅा मानकर कार्यवाही की जाएगी अर्थात इन शालाओं में पूर्व से कार्यरत शिक्षक एवं स्टाफ को भी चयन प्रक्रिया के माध्यम से ही आना होगा।

4. **आयु सीमा** दिनांक 1.09.2021 की स्थिति में 57 वर्ष से अधिक न हो।

5. चयनित अमले का कार्यकाल न्यूनतम 5 वर्ष रहेगा। 5 वर्ष उपरांत संबंधित के कार्य के मूल्यांकन के आधार पर अवधि में वृद्धि की जा सकेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों, कार्य में अक्षमता की स्थिति में ही न्यूनतम अवधि के पूर्व भी स्थानांतरण किया जा सकेगा।

6. आवेदक वर्तमान में विकासखण्ड का प्राथमिकता क्रम चुन सकेंगे। न्यूनतम 01 विकासखण्ड की प्राथमिकता क्रम में चयनित किया जा सकेगा। चयन उपरांत पदस्थापना हेतु शालाओं का प्राथमिकता क्रम (Choice filling) की सुविधा दी जाएगी।

7. सी.एम.राइज विद्यालयों में पदस्थापना नियमित शिक्षकों से की जा रही है। इन विद्यालयों में किसी प्रकार की नवीन नियुक्ति नहीं की जा रही है, इसलिए आरक्षण की आवश्यकता नहीं है।

8. ऑनलाईन आवेदन विमर्श पोर्टल www.vimarsh.mp.gov.in पर दिनाँक 10 सितंबर 2021 तक किए जा सकेंगे।

9. प्रशासकीय पद– उपप्राचार्य, प्रधानअध्यापक(प्राथमिक) एवं प्रधानअध्यापक(माध्यमिक) के चयन प्रक्रिया

| क्र | पद | आवेदन हेतु पात्रता |
|---|---|---|
| 1 | उप प्राचार्य | स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत व्याख्याता अथवा वर्ष 1998 एवं 1999 में नियुक्त शिक्षाकर्मी वर्ग–1 जो कि वर्तमान में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हों। |
| 2 | प्रधानअध्यापक माध्यमिक शाला | स्कूल शिक्षा अथवा आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रधानअध्यापक माध्यमिक शाला |
| 3 | प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला | स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रधानअध्यापक प्राथमिक शाला |

9.1 स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगें। जनजातीय कार्य विभाग के अभ्यर्थी को विभाग का एन.ओ.सी प्रदान करना होगा।

10. **आयु सीमा** दिनांक 1.09.2021 की स्थिति में 57 वर्ष से अधिक न हो ।

11. **पात्रता** विगत 3 वर्षो(2017–18, 2018–19, 2019–20) में से कम से कम 2 वर्ष का शाला/विषय का परीक्षा परिणाम दर्ज संख्या के विरूद्ध 50 प्रतिशत से कम न हो।

12. **चयन प्रक्रिया**

12.1 लिखित परीक्षा – 60 अंको का प्रश्नपत्र होगा जिसमें निम्नानुसार बिंदुओं से संबंधित प्रश्न होंगे – इंस्ट्रक्शनल मेनेजमेंट, ऑर्गेनाइजेशनल मेनेजमेंट, पर्सनल लीडरशिप, सोशियल लीडरशिप – 60 अंक

12.2 एम.एड. – 5 अंक

12.3 प्रमाण पत्र – जिला स्तरीय – 2 अंक, राज्य स्तरीय – 3 अंक, राष्ट्रीय स्तर – 5 अंक
(यदि आवेदक के पास एक से अधिक स्तर के प्रमाण पत्र हैं उस स्थिति में अधिकतम अंक वाले प्रमाण पत्र के अंक मान्य किये जाएंगे। 15 अगस्त 2021 तक जारी प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे।)

12.4 लिखित परीक्षा ऑफलाईन मोड में ओ.एम.आर. शीट पर होगी। प्रश्न बहुविकल्प वाले होंगें।

12.5 लिखित परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही पात्र माना जाएगा तथा उनकी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

## 13. अकादमिक स्टाफ की चयन प्रकिया

स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत नियमित शिक्षक संवर्ग वाले शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगें।

## 14. आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता

स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती नियमों के अनुरूप निर्धारित शैक्षणिक योग्यता धारी हो। संबंधित पद के लिए विहित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले शिक्षक आवेदन कर सकेंगें। आवेदन करने वाले विषय को पढाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो।

15. **आयु सीमा** दिनांक 1.09.2021 की स्थिति में 57 वर्ष से अधिक न हो ।

## 16. चयन प्रकिया

16.1 लिखित परीक्षा – 80 अंको का प्रश्नपत्र होगा जिसके 3 भाग होंगें

16.1.1 विषय ज्ञान – 50 अंक
16.1.2 एप्टीट्यूड टेस्ट – 10 अंक
16.1.3 साइकोमेट्रिक टेस्ट – 10 अंक
16.1.4 अंग्रेजी ज्ञान – 10 अंक
(सभी विषयों के शिक्षकों के लिए सिर्फ अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को छोड़कर)
हिन्दी भाषा का ज्ञान– अंग्रेजी विषय के शिक्षकों के लिए।

16.2 लिखित परीक्षा में प्रत्येक भाग में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

17. **लिखित परीक्षा** प्रश्नपत्र स्तरवार एवं विषयवार होंगे, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :–

| क्र | स्तर | आवेदन हेतु पात्रता |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम के आधार पर | 2 स्ट्रीम के अनुसार अर्थात कला एवं विज्ञान संकाय (गणित) |
| 2 | कक्षा 6 से 10 के पाठ्यक्रम के आधार पर | स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत उच्च श्रेणी शिक्षक अथवा माध्यमिक शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। आवेदित शिक्षक की 6 विषयों में से जिस विषय में नियुक्ति हुई हो, उसी विषय का प्रश्नपत्र देना होगा **(हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामा.विज्ञान)** |
| 3 | कक्षा 11 से 12 के पाठ्यक्रम के आधार पर | स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत व्याख्याता अथवा उच्च माध्यमिक शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। आवेदित शिक्षक की 13 विषयों में से जिस विषय में नियुक्ति हुई हो, उसी विषय का प्रश्नपत्र देना होगा **(हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, जीवविज्ञान, भौतिक, रसायन, इतिहास, राज.शास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य)** |

18. **लिखित परीक्षा परिणाम**– लिखित परीक्षा में प्रत्येक घटक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही पात्र माना जाएगा तथा उनकी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

19. कक्षा 1 से 12 के शिक्षकों के लिए शैक्षणिक योग्यता नियमों में उल्लेखित है। प्री प्राइमरी के लिए पृथक से योग्यता का उल्लेख नहीं है अतः "ऐसे प्राथमिक शिक्षक जिन्होने प्री प्राइमरी एजुकेशन में डिप्लोमा किया हो या मान्यता प्राप्त संस्था से सर्टिफिकेट कोर्स किया हो को प्राथमिकता दी जाएगी।

20. प्राथमिक शिक्षकों में कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों को समान अनुपात में रखा जाएगा ताकि विद्यार्थी प्रारंभ से ही गणित एवं अंग्रेजी में भी दक्ष हो सकें। प्राथमिक विंग में शिक्षकों के चयन में उनके हायर सेकेण्डरी परीक्षा में लिये गये विषय गणित अथवा अंग्रेजी को ध्यान में रखा जायेगा।

## 21. सह–अकादमिक स्टाफ की पदस्थापना हेतु चयन प्रक्रिया

सह अकादमिक पद – स्कूल शिक्षा अथवा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत नियमित शिक्षक संवर्ग वाले शिक्षकों से निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

## 22. शैक्षणिक योग्यता

| क्र | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | पुस्तकालयाध्यक्ष लाइब्रेरियन | न्यूनतम 50% अंक के साथ बी.लिब / एम.लिब |
| 2 | खेलकूद शिक्षक –शारीरिक शिक्षक | बी.पी.एड. / शारीरिक शिक्षा में स्नातक(BPE) / स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा में बीएससी / बी.पी.एड.एकीकृत चार वर्षीय डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ अथवा शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय शिवपुरी से डी.पी.एड. अथवा सर्टिफिकेट कोर्स किया हो। |
| 3 | प्रयोगशाला सहायक | विज्ञान विषय के साथ कम से कम 50% अंक के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण |
| 4 | संगीत शिक्षक गायन, | कम से कम 50% अंकों के साथ बी. म्यूज–गायन / एम.म्यूज–गायन / विद् / कोविद् / रत्न या बी.म्यूज के समकक्ष |
| 5 | संगीत शिक्षक वादन | कम से कम 50% अंकों के साथ बी. म्यूज–वादन / एम.म्यूज–वादन / विद् / कोविद् / रत्न या बी.म्यूज के समकक्ष |
| 6 | संगीत शिक्षक नृत्य | कम से कम 50% अंकों के साथ बी. म्यूज–नृत्य / एम.म्यूज–नृत्य / विद् / कोविद् / रत्न या बी.म्यूज के समकक्ष |
| 7 | फाईन आर्ट | स्नातक इन फाईन आर्ट |
| 8 | मनोवैज्ञानिक | मनोविज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर |
| 9 | आई.टी. शिक्षक | बी.सी.ए. इन कंप्यूटर साइंस / एम..सी.ए. इन कंप्यूटर साइंस अथवा समकक्ष |
| 10 | करियर काउंसलर | स्नातक के साथ करियर काउंसलिंग में डिप्लोमा / डिग्री |

**23 आयु सीमा** दिनांक 1.09.2021 की स्थिति में 57 वर्ष से अधिक न हो ।

**24 चयन प्रक्रिया –**

24.1 सह अकादमिक पदों के लिए केवल इंटरव्यू के आधार पर चयन किया जाएगा।
24.2 आवेदक द्वारा प्रस्तुत पोर्टफोलियो के लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
24.3 इंटरव्यू 40 अंक का होगा। इंटरव्यू दिनांक पृथक से सूचित की जाएगी।
24.5 चयन उपरांत शालावार Choice filling करवाई जाएगी।